**भारत सरकार**
**नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2822**
**बुधवार, दिनांक 17 दिसम्बर, 2025 को उत्तर दिए जाने हेतु**

**नवीकरणीय ऊर्जा के लिए अंतर्राष्ट्रीय वित्तपोषण**

**2822. श्रीमती ज्योत्स्ना चरणदास महंतः**

**क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) लद्दाख के पांग में 13 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना के लिए अंतर्राष्ट्रीय वित्त पोषण जुटाने की वर्तमान स्थिति क्या है और इसमें रुचि दिखाने वाले किसी बहुपक्षीय विकास बैंक या संप्रभु संपत्ति निधि का ब्यौरा क्या है;

(ख) परियोजना तैयारी, तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता और पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (ईआईए) अध्ययनों के लिए नियुक्त निजी सलाहकारों या अभिकरणों का ब्यौरा क्या है;

(ग) इन अभिकरणों के चयन के लिए अपनाई गई प्रक्रिया (खुली निविदा या नामांकन) क्या है और ऐसे चयन के लिए प्रयुक्त मानदंड क्या हैं; और

(घ) इन परामर्श सेवाओं के लिए कुल कितना वित्तीय व्यय किया गया या आवंटित किया गया और उनके समापक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने की समय-सीमा क्या है?

**उत्तर**
**नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री**
**(श्री श्रीपाद येसो नाईक)**

(क) सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (सेकी) लद्दाख के पंग में 13 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) परियोजना के लिए कार्यान्वयन एजेंसी है। एसईसीआई(सेकी) ने लद्दाख के पंग में इस 13 गीगावाट आरई परियोजना के लिए कोई अंतरराष्ट्रीय निधि नहीं जुटाई है।

(ख) एवं (ग) एसईसीआई(सेकी) ने खुली निविदा के माध्यम से निम्नलिखित एजेंसियों को नियुक्त किया था:

i. पर्यावरणीय एवं सामाजिक प्रभाव आकलन (ईएसआईए) अध्ययन के लिए मेसर्स एसबीए एनवायरो प्राइवेट लिमिटेड,

ii. एरियल ड्रोन/यूएवी स्थलाकृति (टोपोग्राफी) सर्वेक्षण के लिए मेसर्स मैट्रिक्स जियो सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड,

iii. मृदा जांच के लिए मेसर्स माउंट जियो टेक्निकल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड।

इसके अतिरिक्त, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के अधीन एक स्वायत्त निकाय, राष्ट्रीय पवन ऊर्जा संस्थान (एनआईडब्ल्यूई) को चिन्हित स्थानों में पवन एवं सौर संसाधन आकलन के लिए विशेषज्ञ संस्था के रूप में नामांकन के आधार पर नियुक्त किया गया था।

(घ) इन गतिविधियों पर कुल 5.02 करोड़ रुपये का व्यय हुआ और सभी अंतिम रिपोर्ट एसईसीआई(सेकी) को प्रस्तुत कर दी गई हैं।

***